Model Question Paper for B.A 2nd sem Hns Examination

Sub - Hindi

Paper Name – Aadhunik hindi kavita (Chhayavad tak)

Course Code : BAHHINC202

TIME - 2Hrs

Full Marks - 40

1. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1×5
   क. खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य किसे कहा जाता है?
   ख. 'लहर' किसकी रचना है?
   ग. यामा के रचना के लिए कवित्री को कौन-सा पुरस्कार मिला?
   घ. यशोधरा के जीवन पर केंद्रित मैथलीशरण गुप्त के काव्य का नाम लिखिए।
   ङ. जयशंकर प्रसाद के प्रथम काव्य-संकलन का नाम लिखिए।
   च. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' रचित एक व्यंग प्रधान काव्य-संकलन नाम लिखिए।
   छ. सुमित्रानंदन पंत को किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
   ज. महादेवी वर्मा के एक काव्य-संकलन का नाम लिखिए।
2. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×5
   क. भारतेंदु ने किन भाषाओं में कविता लिखा?
   ख. मैथलीशरण गुप्त का जन्म-मृत्यु वर्ष लिखिए।
   ग. 'निराला की साहित्य-साधना' के कितने भाग है? यह किसकी रचना है?
   घ. 'श्रीमित जन' के साथ पवन को कैसा व्यवहार करना चाहिए?
   ङ. रामनरेश त्रिपाठी के दो काव्य-संकलनों के नाम लिखिए।
   च. महादेवी वर्मा को सरकार द्वारा किस वर्ष कौन-सा सम्मान प्रदान किया गया?
   छ. भारतेंदु रचित एक मुकरी लिखिए।
   ज. 'रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ' पंक्ति का भावार्थ लिखिए।
3. किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5×3
   क. "पुष्पों के मधुर रस को, साथ सानंद बैठे |
   पीते होंवें भ्रमर-भ्रमरी, सौम्यता तो दिखाना |
   थोड़ा सा भी न कुसुम हिले, औ न उद्विग्न होवें |
   क्रीड़ा होवे नहीं कलुषिता, केलि में हो न बाधा ||"
   ख. "देखा-आँगन के कोने में कई नवागत
   छोटे-छोटे छाता ताने खड़े हुए हैं!
   छांता कहूँ कि विजय पताकाएँ जीवन की,
   या हथेलियाँ खोले थे वे नन्हीं प्यारी-

जो भी हो, वे हरे-हरे उल्लास से भरे
पंख मारकर उड़ने को उत्सुक लगते थे-
डिम्ब तोड़कर निकले चिडियों के बच्चों से!"

ग. "बुढ़ा पे पर दया जो मेरे करते ।
तो बन की ओर क्यों तुम पर धरते ।।
किधर वह बन है जिसमें राम प्यारा ।
अजुध्या छोड़कर सूना सिधारा ।"

घ. "चिर विषाद विलीन मन की
इस व्यथा के तिमिर वन की
मैं उषा सी ज्योति रेखा कुसुम विकसित प्रात रे मन !"

ङ. "अस्ताचल चले रवि
शशि-छवि विभावरी में
चित्रित हुई है देख
यामिनीगन्धा जगी
एकटक चकोर-कोर दर्शन-प्रिय
आशाओं भरी मौन भाषा बहु भावमयी"

**4.** किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 10×1

क. 'मेरे नाविक' कविता के मुख्य भावों का विवेचन कीजिए।

ख. 'बदल राग-6' कविता के आधार पर कवि की क्रांति चेतना पर विचार कीजिए।

ग. पठित कविताओं के आधार पर रामनरेश त्रिपाठी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।